सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 326 | इंदौर, सोमवार 05 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. प्रवासी भारतीयों से बोले राहुल: 'बोस, पटेल जैसे NRI रहे भारत के निर्माता, पर BJP गोडसे की विचारधारा पर चल रही'
2. Amit Shah-Wrestlers: गृह मंत्री अमित शाह से मिले बजरंग-साक्षी और विनेश, बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग की
3. Bihar : सीएम नीतीश बोले- पुल गिरने की जांच होगी, डिप्टी सीएम तेजस्वी बोले- उसे गिरना ही था
4. USA: वॉशिंगटन डीसी के ऊपर दिखा अज्ञात विमान, F-16 ने पीछा किया तो दुर्घटना का हुआ शिकार, चार लोग थे सवार
5. Satna: मैहर मां शारदा देवी दरबार में माथा टेकने पहुंचे राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, आरती भी उतारी
6. UP: पूजा स्थल कानून खत्म होने से फैलेगी अराजकता, मुस्लिम बोर्ड ने कहा- सरकार सख्ती से लागू करे इसे

# खराब सड़कों पर ठेकेदार के साथ इंजीनियर जिम्मेदार

## लोक निर्माण विभाग ने विशेष अभियान अंतर्गत नई व्यवस्था की लागू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश में बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता खराब होने पर ठेकेदार के साथ-साथ संबंधित इंजीनियर भी जिम्मेदार होंगे। मरम्मत के काम को मुख्य अभियंता से लेकर उपयंत्री तक को देखना होगा। इसके लिए साप्ताहिक निरीक्षण का कार्यक्रम बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजना होगा ताकि उसकी निगरानी की जा सके। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने यह व्यवस्था विशेष अभियान के अंतर्गत लागू की है। विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि वे अधीनस्थों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर नजर रखें।



पिछले साल अतिवृष्टि के कारण बड़ी संख्या में सड़क, पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हुए थे। इनकी मरम्मत में काफी समय लगा था, इसे लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नाराजगी भी जताई थी। इस बार ऐसी स्थिति न बने, इसलिए पीडब्ल्यूडी ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है।

इसमें उन सड़क, पुल-पुलिया को चिह्नित किया जा रहा है, जिनकी मरम्मत की जानी है। सभी मुख्य अभियंताओं को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, प्रमुख सचिव भी इंजीनियरों की टीम के साथ निरीक्षण कर रहे हैं। साढ़े तीन हजार किमी सड़क की मरम्मत का काम चल रहा है।

यह गुणवत्तापूर्ण हो, इसके लिए इंजीनियरों की जिम्मेदारी तय की गई है। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों पर वर्षाकाल के लिए निर्माण सामग्री रखवाई जा रही है ताकि जहां भी सड़क, पुल या पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिले, वहां तत्काल मरम्मत का काम कराया जा सके।

इससे जहां आवागमन प्रभावित नहीं होगा, वहीं क्षति को भी सीमित किया जा सकेगा। विभाग के प्रमुख अभियंता नरेन्द्र कुमार ने सभी मुख्य अभियंता को निर्देश दिए हैं कि जिन सड़कों में दरार आ गई है, वहां सीलिंग का काम कराकर दरार से पानी के प्रवेश को रोकने का प्रबंध किया जाए। जिन सड़कों में जलभराव की स्थिति बनती है, वहां कट लगाकर निकासी की व्यवस्था अवश्य कर ली जाए।

# ढाई लाख कर्मचारी कराएंगे विधानसभा चुनाव

## सितंबर में होगा प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। नवंबर में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव के लिए ढाई लाख अधिकारी-कर्मचारी लगेंगे। इन्हें मतदान केंद्रों पर तैनात किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने जिला प्रशासन से कहा है कि वे अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित करें। इन्हें मतदान प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी देने के लिए सितंबर में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा, जो राज्य और जिला स्तरीय होगा।




मध्य प्रदेश में अभी 64 हजार 100 मतदान केंद्र हैं। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान में मतदान केंद्रों के सत्यापन की प्रक्रिया भी होगी। इसमें यह देखा जाएगा कि किसी मतदान केंद्र पर दो हजार से ज्यादा मतदाता तो नहीं हो रहे हैं या मतदाता को मतदान के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूर तो नहीं जाना पड़ेगा।

यदि कहीं ऐसी स्थिति पाई जाती है तो सहायक मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जिला प्रशासन मतदान दल के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को चिन्हित करेंगे। मप्र विधानसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया के संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर चार कर्मचारी रहेंगे।ये सभी पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, कृषि और राजस्व विभाग से लिए जाएंगे। किस कर्मचारी को किस मतदान केंद्र पर जाना है, यह उसे मतदान से दो दिन पूर्व ही पता चलेगा। प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार होंगे, जो जिलों में जाकर प्रशिक्षण देंगे। यह प्रक्रिया सितंबर से प्रारंभ हो जाएगी।

# बच्चों से भरी बस पलटी, 40 बच्चे घायल, 2 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। नर्मदापुरम से वनवासी कार्यक्रम के तहत ग्वालियर शाजापुर जा रही बच्चों से भरी बस से ट्रक टकरा गया। जिससे बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में दो की मौत हो गई है और 40 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। हादसा ट्रक के टायर फटने के बाद बस से टकराने से होना बताया जा रहा है।**

घटनाक्रम के मुताबिक मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे जा रहे वनवासी कार्यक्रम के तहत नर्मदापुरम के बच्चे ग्वालियर से शाजापुर बस से जा रहे थे। बस शिवपुरी के पास पहुंची ही थी कि हाइवे पर पास से गुजर रहे एक ट्रक का टायर फट गया। जिससे वह बस से टकराया और बस पलट गई। घटना में 40 बच्चे घायल हो गए जबकि दो की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से बच्चों को अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने ट्रक ड्रायवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

● नेपाल पीएम के एमपी दौरे के बाद पीएमओ नेपाल का ट्वीट ...

## नेपाल के पीएम ने ट्वीट् कर महाकाल मंदिर और इंदौर में कचरा प्रबंधन केन्द्र की सराहना की

### स्वागत और आतिथ्य के लिए सीएम शिवराज और राज्यपाल का जताया आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने स्वदेश वापस लौटने के बाद अपने भारत के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर ट्वीट किया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल के एमपी दौरे के बाद पीएमओ नेपाल ने ट्वीट किया है। ट्विटर पर एमपी में स्वागत और आतिथ्य के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यपाल मंगूभाई के प्रति आभार प्रकट किया है। एमपी के इंदौर और उज्जैन दौरे का ट्वीट में जिक्र किया है।**

लिखा कि- हमें इंदौर में कचरा प्रबंधन केंद्र, विशेष आर्थिक क्षेत्र और भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में पहचाने जाने वाले शहर को देखने का मौका मिला। उज्जैन के प्रसिद्ध शहर महाकालेश्वर मंदिर का दौरा करने का अवसर मिला। मैं मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री जी के हार्दिक स्वागत एवं सत्कार के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। बता दें कि नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगर उज्जैन पहुंचे थे। उन्होंने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर नेपाल से लाए 100 रुद्राक्ष एवं 51 हजार रुपए नगद भेंट स्वरूप अर्पण किए थे। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने बेटी के साथ बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की थी। उज्जैन पहुंचने पर पीएम प्रचंड का महाकाल लोक के नंदी द्वार पर भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने पुष्प गुच्छ से पीएम का अभिवादन किया था।

## शहर की वायु गुणवत्ता में लगातार हुए सुधार से बेहतर परिणाम सामने आए

### माह अप्रैल में जहां एक्युआई 98.38 था, वह मई माह में 80.66 रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में स्वच्छता के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के तहत इंदौर शहर की वायु गुणवत्ता व पर्यावरण संरक्षण में सुधार हेतु नगर निगम इंदौर, आरटीओ विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किये गये कार्यो के परिणाम स्वरूप इंदौर की वायु गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है, जिसके तहत जहां माह अप्रैल में इंदौर शहर में एयर क्वालिटि इण्डेक्स 98.38 रहा, वही मई माह में शहर का एयर क्वालिटि इण्डेक्स मैं सुधार होकर 80.66 रहा है। नगर निगम इंदौर व अन्य विभागो द्वारा इंदौर शहर की वायु गुणवत्ता सुधार हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है तथा वायु गुणवत्ता सुधार हेतु कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# विवाह के पूर्व युवक-युवतियों के ब्लड टेस्ट को जरूरी किया जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए ,विगत 28 वर्षो से कार्य कर रही संस्था थैलीसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप ने एक आयोजन अभ्युदय निजी होटल में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय महुरकर ,प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट थे। विशेष अतिथि डॉ.सुमित शुक्ला और डॉ. प्रीति मालपानी थे।**

यह जानकारी ग्रुप अध्यक्ष डॉ. रजनी भंडारी ने दी। इस मौके पर अतिथियों ने खुशबू के 14 वे अंक का लोकार्पण किया और विभिन्न स्पर्धा में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

डॉ. रजनी भंडारी ने कहा कि थैलीसीमिया एक खतरनाक बीमारी है जो खून को पानी बना देती है। इस से पीड़ित बच्चों का इलाज महंगा है और वे अधिक समय तक जी नही पाते है ऐसे पीड़ित बच्चों को शिक्षा और इलाज देने का कार्य कर रही है संस्था। यदि विवाह के पूर्व युवक और युवतियां अपना ब्लड टेस्ट कराए तो बहुत हद तक भविष्य में जन्म लेने वाले थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को जन्म लेने से रोका जा सकता है। इस तरह की सलाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को से सकते है। इस का एक ज्ञापन डॉ. रजनी भंडारी ने श्री महुरकर को दिया भी

अपने संबोधन में श्री महुरकर ने कहा कि थैलीसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप पीड़ित समाज के लिए अच्छा कार्य कर रही है ,इस से दूसरो को प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अलका भार्गव ने किया। आभार माना कांता पोखरना ने। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ,प्रमोद टंडन, प्रवीण जोशी सहित बड़ी। संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## आरसीसी रोड का किया भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** धार रोड ग्राम पंचायत सिहासा चौराहे पर सुबह 10 बजे से ही रहवासी बड़ी तादाद में पहुंचकर अपनी उपलब्धि दर्ज करवा रहे थे सिहासा चौराहे से सिहासा गांव पुलिया तक 700 मीटर लंबी एवं 18 फीट चौड़ी 99 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सिमेंटेड आरसीसी रोड जल्द तैयार होगा । वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता पुर्व हैट्रिक सरपंच घनश्याम पटेल द्वारा रोड नवीनीकरण को लेकर पूर्व आइडिया अध्यक्ष मधु वर्मा से सिहासा रोड को लेकर बार-बार अवेदन किया जा रहा था तभी निवेदन स्वीकार कर 99 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करना पड़ी। इसी मौके पर रहवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं लोकसभा सदस्य सांसद शंकर लालवानी.पूर्व आइडिया अध्यक्ष मधु वर्मा.जनपद पंचायत अध्यक्ष विश्वजीतसिंह सिसोदिया.जिला पंचायत उपाध्यक्ष रामस्वरूप गहलोत.घनश्याम नारोलिया.जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल.वरिष्ठ नागरिक बाबूसिंह पटेल. अंतरसिंह परमार.धन्नालाल मालवीय. गोविन्द बोडाना. पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मीबाई पंवार.नैनोद सरपंच सुरेंद्रसिंह सोलंकी.सिंदोडा सरपंच निलेश पाटीदार. कलारिया पूर्व सरपंच जीतू मामा.उपसरपंच ऋषिकुमार राठौर.कनीराम राठौर समाजसेवी. नारायण पटेल.सुरेंद्र राठौर.सहित रहवासीगण बड़ी तादाद में मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन लेखराज गेहलोद द्वारा किया गया।

## धरती बचेगी तो पर्यावरण बचेगा

● सेवा सुरभि द्वारा पर्यावरण पर प्रकाशित पुस्तिका का निगमायुक्त ने किया लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। यह धरती किसी एक व्यक्ति विशेष या समूह की नहीं होकर पशु पक्षियों से लेकर सभी मनुष्यों की है अतः हमें इसका न तो अधिक दोहन करना और न अधिक शोषण करना। आने वाली पीढ़ी के लिए चिंता भी हमे करना है।अगर धरती को बचाना है तो पहले हमे पर्यावरण को बचाना जरूरी है।**

ये विचार हैं विभिन्न पर्यावरण विशेषज्ञों के जो उन्होंने रविवार को संस्था सेवा सुरभि के मंच पर आयोजित पर्यावरण परिचर्चा और पुस्तक विमोचन समारोह में व्यक्त किए। विश्व पर्यावरण दिवस के एक दिन पूर्व इंदौर प्रेस क्लब सभागृह में हुए इस आयोजन में निगमायुक्त सुश्री हर्षिकासिंह ने कहा कि खासकर युवाओं को अपनी ऐसी जीवन शैली विकसित करने की महती आवश्यकता है जिससे पर्यावरण का कम से कम नुकसान हो। हमारे घरों से कम कूड़ा कचरा निकले और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद होना चाहिए। निगम एक फॉरेस्ट वन बनाएगा और हर बगीचे में एक कोना ऐसा होगा जहा नागरिक अवसर विशेष पर पौधे लगा सकेंगे। शहर विकास या स्मार्ट सिटी के नाम पर बीते 5 वर्षो में जितने भी पेड़ कटे उससे दुगने पौधे निगम इसी वर्ष लगाएगा।अधिक से अधिक पेड़ों का रिप्लांट होगा और जो पेड़ सूखने या टूटने की स्थिति में है ऐसे सभी पेड़ो को बचाएगा निगम प्रशासन। इस मौके पर हर्षिका सिंह ने सेवा सुरभि द्वारा प्रकाशित पुस्तक हमारा इंदौर हमारा पर्यावरण, का विमोचन किया।इस पुस्तक को पर्यावरणविद डॉ. ओ पी जोशी, डॉ. किशोर पवार,सुधींद्र मोहन शर्मा और भोलेश्वर दुबे ने तैयार किया है। विमोचन अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, शिक्षाविद डॉ. जयश्री सिक्का,कुमार सिद्धार्थ ,पर्यावरण विद डॉ. संदीप नारुलकर, उमाशंकर तिवारी, ओमप्रकाश नरेड़ा, संजय पटेल, भाजपा प्रवक्ता गोविंद मालू विशेष रूप से उपस्थित थे। पर्यावरण परिचर्चा में पर्यावरणविद एवं शिक्षाविद डॉ. जयश्री सिक्का, शिक्षाविद डॉ. संदीप नारुलकर, भोपाल से आए पर्यावरण कार्यकर्ता उमाशंकर तिवारी ने अपने विचार रखे।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

## गांधी हॉल में वेस्ट टू आर्ट एग्जिबिशन का आयोजन

### स्लम बस्ती में थ्री आर हाट एवं लाइब्रेरी का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । नगर निगम इंदौर द्वारा शहर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के साथ ही वेस्ट को बेस्ट बनाने के उददेश्य से कल से 5 जून तक 3 आर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत गांधी हॉल में वेस्ट टू आर्ट एक्जीबिशन में स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादो की प्रर्दशनी का स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल द्वारा शुभारंभ किया गया।**

प्रदर्शनी का सांसद शंकर लालवानी, आयुक्त हर्षिका सिंह द्वारा अवलोकन किया गया । इसके साथ ही मोबाईल लाईब्रेरी ज्ञान रथ का भी हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया । अतिथियों द्वारा प्रर्दशनी में लगाये गये स्टॉल की प्रशंसा करते हुए सभी का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

वेस्ट को बेस्ट बनाने के उददेश्य से इंदौर में थ्री आर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत 3 जून को वेस्ट टू आर्ट एक्जीबिशन, आरआरआर थैला बैंक का शुभारम्भ तथा थ्री आर स्टिचिंग पॉइन्ट का भी शुभारम्भ किया गया। इसके साथ ही रविवार को स्लम बस्ती में थ्री आर हाट एवं लाइब्रेरी का शुभारंभ व जरूरतमंदो हेतु थ्री आर नो व्ही गाडी का शुभारंभ किया जाएगा तथा 5 जून को थ्री आर चौराहे का शुभारंभ, प्लास्टिक सरेंडर गाडी का शुभारंभ, वृहद स्वच्छता अभियान स्लम बस्तियों में, वृहद पौधारोण अभियान, वृहद स्वच्छता अभियान जल स्त्रोतो पर किया जाएगा।

वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी में देशी गोबर के उत्पाद जिनमें दीपक, खिलौने, स्टेण्ड, पुराने कपडो से खिलौने, आदिवासी गुडा-गुडिया, वेस्ट से करीबेग का निर्माण, हार-माला का निर्माण, वेस्ट बॉटल को आकर्षक कप का निर्माण, वेस्ट से टेबल कुर्सी का निर्माण, गमले, बॉटल, पेन्ट ब्रश, कलर बाल्टी से झरने का निर्माण, झालर, कपडे की झोले, तोरण, सेल्फी पॉइन्ट का निर्माण किया गया है ।

**निगम ने शुरू की मोबाइल लाइब्रेरी-** नागरिकों में स्वच्छता के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 3 दिन की वस्तु आर्ट एग्जीबिशन का आयोजन गांधी हाल में किया गया है । इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा शहर में मोबाइल लाइब्रेरी की भी शुरूआत की गई है ।

पर्यावरण संवाद : सनावदिया के युवा अपने गाँव को स्वच्छ ,स्वस्थ और हरित बनाने को एकजुट

**इंदौर।** जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की निदेशिका जनक पलटा मगिलिगन के योजनाबध आव्हान पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण संवाद सप्ताह के छ्टे दिन सनावदिया के युवा बहुत उल्लास से आये । हर उम्र के युवा सहभागी , राजनीती, धर्म समाज ,वर्ग से गाँव के 40 युवा और इंदौर से कई परिवार शामिल हुए, जिनमे सेंटर के साथ जुड़े हुए वालेंटियर्स भी थे ।आज के संवाद का विषय था सनावदिया को स्वच्छ ,स्वस्थ और हरित बनाने में युवाओं की जिम्मेवारी ।कार्यक्रम की शुरूआत जनक दीदी की संकट निवारण हेतु बहाई प्रार्थना से हुई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा युनाइटेड नेशन्स पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा इस बार 2023 की पर्यावरण थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर सप्ताह भर पर्यावरण संवाद के दौरान सनावदिया गाँव को प्लास्टिक प्रदुषण मुक्त कर स्वच्छ ,स्वस्थ और हरित बनाने की कार्ययोजना पर सामूहिक परामर्श बैठक में स्वागत है ।

# इंदौरवासियों को रास आ रही साइकिल की सवारी, एआईसीटीएसएल बढ़ाएगा सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बीआरटीएस कॉरिडोर सहित शहर के प्रमुख मार्गों पर एआईसीटीएसएल द्वारा शुरू की गई साइकिल सुविधा अब शहरवासियों को भा रही है। शहर में करीब 100 स्थानों पर यह साइकिल किराए पर उपलब्ध है और अनेक लोग इस सुविधा का उपयोग कर रहे हैं। न्यूनतम किराए में उपलब्ध इस साइकिल के जरिए वे न केवल अपनी सेहत में सुधार कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचा रहे हैं।

दरअसल, बीआरटीएस के 20 स्थानों पर 'माई बाइक' साइकिल स्टैंड बनाए गए हैं। इसके अलावा शहर में अन्य स्थानों पर मिलाकर करीब 100 साइकिल स्टैंड हैं। किसी स्टैंड पर पांच तो कहीं 10 साइकिलें रखी जा रहीं हैं। 500 रुपये किराए में महीने भर के लिए साइकिल किराए पर उपलब्ध हैं। वहीं 15 रुपये में दस घंटे के लिए और 20 रुपये में 24 घंटे के लिए यह साइकिल मिल रही है।



इंदौर में 1500 साइकिलें 100 स्टैंडों के माध्यम से संचालित हैं। एआईसीटीएसएल की यह साइकिलें आसानी से मिल रही हैं। इसके चलते अनेक लोग इनका उपयोग भी कर रहे हैं। सबसे अधिक बसों से बाहर से आने वाले या फिर सुबह शाम सैर करने वाले यह साइकिलें चला रहे हैं।

दरअसल बसों से बाहर से आने वालों को एआईसीटीएसएल के बस स्टैंड पर ही यह साइकिल उपलब्ध हो जाती है, जिससे उन्हें कहीं पर भी आने-जाने में परेशानी नहीं होती। कुछ शौकिया लोग भी हैं, जो यह साइकिल चला रहे हैं। कुछ ही समय में जगह-जगह पर मिलने वाली साइकिलें लोगों को पसंद आने लगी हैं। अब तक करीब छह हजार लोगों ने इनके लिए रेजिस्ट्रेशन कराए हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन साइकिलों की संख्या और भी बढ़ाई जाएगी।

## रामबाग क्षेत्र में निकली साईं प्रभात फेरी

**इंदौर**। रामबाग पेट्रोल पंप के सामने स्थित साईं मंदिर से आज सुबह भव्य साईं प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह-सुबह क्षेत्र के नागरिकों एवं साईं भक्तों ने अपने-अपने घरों पर दीप जलाकर, रंगोली एवं वंदनवार सजाकर छोटी दीपावली जैसा उत्सव मनाया। बैंड बाजो की धुन पर राधा कृष्ण के श्रंगार में नृत्य सहित कई आकर्षण इस प्रभातफेरी में देखने को मिले। बग्घी और घोड़े पर सवार युवा ध्वजा थामे चल रहे थे। प्रभात फेरी संयोजक प्रदीप यादव, आनंद गौड़ एवं सचिन गौड़ बताया कि प्रभातफेरी ने समूचे रामबाग क्षेत्र को सांईमय बना दिया। केंद्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में निकली इस प्रभातफेरी में बाबा की सुसज्जित पालकी को कांधे पर लेकर साईं भक्त रामबाग साईं मंदिर से 15 नंबर स्कूल, रामबाग चौराहा, मार्तंड चौक, नार्थ एवं साउथ कमाठीपुरा, इमली बाजार, पीरगली, भोई मोहल्ला, भालेकेरीपुरा माता मंदिर, पहुंचे, जहां महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रभात फेरी में शहर के विभिन्न साईं मंदिरों से जुड़े हरि अग्रवाल, गौतम पाठक, चंदू कुंजीर, रवि वर्मा, अशोक गोयल, विनिता पाठक, किशोर दौरकर सहित अनेक प्रमुख साईं भक्त शामिल थे। बाबा की पुष्प श्रंगारित पालकी की अनुपम छटा देखते ही बनती थी। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा, आतिशबाजी, स्वल्पाहार के नजारे भी देखने को मिले। यातायात व्यवस्था निखिल गौड़, शरद गौड़, अक्षय गौड़ आदि ने संभाली। प्रभात फेरी के समापन पर बालासोर उड़ीसा में हुए भीषण रेल हादसे में दिवंगत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि एवं घायलों जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना के साथ 2 मिनट का मौन भी रखा गया।



# मुख्यमंत्री बोले- पहले आंदोलन पर हुई पिटाई आज भी याद

● किरार-धाकड़ समाज के सम्मेलन में कहा- तब मैं 7वीं में था, ये आंदोलन मजदूरों के लिए था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हम लोग मूलतः खेती और बाड़ी के काम में पहले से लगे रहे। जो मुरली बजाते थे, वे हुए मुरलीधर भगवान कृष्ण कन्हैया, लेकिन जो हल को धारण करते थे, वे हलधर हुए धरणीधर, जो हमारे आराध्य हैं। किरार - धाकड़ समाज का हल और बंदूक से करीब का नाता है। खेती से लेकर खेलों तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, हर क्षेत्र में आज अपने बच्चे सफलता का परचम लहरा रहे हैं। हम लोग अन्न के भंडार भरते हैं, जब जरूरत पड़ती है, तो भारत माता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।**

मुख्यमंत्री रविवार को भोपाल के दशहरा मैदान में अखिल भारतीय किरार, धाकड़, नागर, मालव सम्मेलन में शामिल हुए। युवक-युवतियों का यह परिचय सम्मेलन अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा और अखिल भारतीय धाकड़ महासभा के संयुक्त तत्वाधान में हुआ।



समाज के होनहार युवाओं को सम्मानित भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा, जब मैं कक्षा 7 में पढ़ता था, तब मैंने पहला आंदोलन किया था। ये आंदोलन मजदूरों के लिए था। मजदूरी ढाई पाई नहीं, पांच पाई देने के लिए था। उस आंदोलन में मेरी जो पिटाई हुई थी, वह आज तक याद है। समाज को शिक्षा पर जोर देना चाहिए। खेती के साथ व्यवसाय पर भी ध्यान देना चाहिए। हमारे बच्चे स्टार्टअप का काम भी शुरू कर सकते हैं। हम गरीब नहीं रहेंगे, हम रोएंगे नहीं। किरार - धाकड़ समाज में कोई अशिक्षित नहीं रहेगा, हम सब को पढ़ाएंगे। शिवराज सिंह चौहान किरार महासभा के संरक्षक भी हैं। उनकी पत्नी साधना सिंह किरार महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

### देशभर से जुटे समाज के लोग

अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कार्यालय मंत्री ब्रजेश चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में मप्र, राजस्थान सहित देश भर से किरार, धाकड़, मालव समाज के लोग शामिल हुए। समाज के वर्तमान विधायक, मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद सहित विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में उच्च पदों पर पहुंचने वाले समाज के भाई-बहनों को सम्मानित किया गया।

### कलचुरी समाज के महासम्मेलन में भी शामिल हुए

इससे पहले मुख्यमंत्री भोपाल की अरेरा कॉलोनी, वसंत कुंज में आयोजित कलचुरी समाज के महासम्मेलन में भी शामिल हुए। सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। समाज के लोगों ने समाज के विधायकों को मंत्रिमंडल और निगम मंडल में जनप्रतिनिधियों को स्थान देने की मांग की। विधानसभा चुनाव में 19 से 20 टिकट समाज के प्रतिनिधियों को देने की मांग रखी। महेश्वर को कलचुरी धाम घोषित करने की मांग की।

# एसडीएम पर ताना हंसिया, महिला ने घूंसे मारे

● सरकारी हैंडपंप से कब्जा हटाने पहुंचे थे; कब्जाधारी परिवार से हुआ विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डबरा।** ग्वालियर में सरकारी हैंडपंप पर कब्जा हटाने पहुंचे एसडीएम और कब्जाधारी परिवार आपस में भिड़ गए। शिकायत पर एसडीएम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो आरोपी परिवार की एक महिला ने हंसिया दिखाते हुए उन्हें धमकाया। विवाद बढ़ने पर एसडीएम ने एक युवक को पकड़कर उसके साथ मारपीट की। इससे गुस्साई युवक की मां ने एसडीएम को घूंसे मारे। शनिवार की इस घटना का वीडियो रविवार को सामने आया।

मामला जिले के भितरवार के पनिहार थाना क्षेत्र के धिरोली गांव का है। आरोप है कि गांव के नरेश यादव के परिवार ने सार्वजनिक हैंडपंप पर कब्जा कर रखा है। गांव के लोग जब हैंडपंप पर पानी भरने जाते तो नरेश के परिवार वाले उन्हें पानी नहीं भरने देते। जिसके बाद ग्रामीणों ने की शिकायत पर भितरवार के एसडीएम मौके पर पहुंचे थे।

### हंसिया और पत्थर उठा लिया

एसडीएम अश्वनी रावत शनिवार दोपहर को अपनी टीम के साथ धिरोली पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद दो महिलाओं को समझाने की कोशिश की। महिलाओं ने हंगामा कर शुरू कर दिया। एक महिला ने हंसिया उठा लिया। दूसरी महिला ने पत्थर उठा लिया।

### आरोपी ने गालियां दीं, उसकी मां ने घूंसा मारा

नरेश यादव को जब पता चला कि अधिकारी हैंडपंप से कब्जा हटाने आए हैं, तो वह मौके पर पहुंच गया। नरेश ने एसडीएम अश्वनी को गालियां देना शुरू कर दिया। इस दौरान एसडीएम और नरेश के बीच झूमाझटकी भी हुई। यह देखकर नरेश यादव की पत्नी और मां ने अपना आपा खो दिया। उसको बचाने के लिए मां ने अश्वनी रावत को घूंसा मार दिया। इस पर एसडीएम को गुस्सा आ गया और उन्होंने भी महिला को दो तमाचे जड़ दिए।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला

पूरे विवाद के बाद एसडीएम बिना कब्जा हटाए टीम के साथ सीधे थाने पहुंचे। उन्होंने थाने में नरेश यादव और उसकी पत्नी व मां के खिलाफ शिकायत की। तीनों आरोपियों के खिलाफ शनिवार रात शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज हुआ। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि नलकूप योजना के तहत काम किया जा रहा है। जल्द ही वहां से कब्जा हटा दिया जाएगा।

# जंगल की जमीन पर कब्जे को लेकर हत्या

## परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिरोंज। विदिशा जिले के लटेरी क्षेत्र के जंगल और जंगल की जमीन की लूट में खूनी खेल नहीं थम रहा है। हर घटना के बाद प्रशासन औपचारिक कदम उठाकर दूर हट जाता है। एक बार फिर दबंगों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी।**

मुरवास थाना क्षेत्र के सेमरा ग्राम में वन विभाग की अतिक्रमण की जमीन पर कब्जे को लेकर सफीक खान, शरीफ खान, अरमान खान, रुस्तम खान ने विजय अहरवार की हत्या कर दी। वारदात के बाद मृतक के परिजनों ने जाम लगा दिया।

### विजय को घेरकर मारा

सूत्र बताते है कि जंगल की अतिक्रमण वाली जमीन को लेकर विजय पर शरीफ खान, सफीक खान, अरमान खान, रुस्तम खान ने लाठी, डंडों, फरसा और धारदार हथियारों से शनिवार को हमला कर दिया था। इसमें विजय गंभीर रूप से घायल हो गया था। रविवार को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### आरोपियों के घर तोड़ने की मांग

परिजनों और ग्रामीणों ने विजय के शव को हाईवे पर रखकर परिजनों ने चक्काजाम कर दिया है। इनकी मांग है कि आरोपियों को फांसी हो और उनके घर पर बुलडोजर चले। रङ्क्षिस्त्र सौरभ तिवारी ने बताया कि मुख्य आरोपी रुस्तम खान को गिरफ्तार कर लिया है, बाकी की तलाश जारी है।

# महाकाल लोक घोटाले की जांच न्यायाधीश से कराने की मांग

**कांग्रेस ने बीजेपी पर साधा निशाना, कहा-प्रधानमंत्री मोदी ने किया था उद्घाटन, जांच हो**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** महाकाल लोक घोटाले को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी सरकार पर बड़ा हमला किया है। कांग्रेस का कहना है कि भगवान को धोखा देते हैं, यह इंसान को ये क्या छोड़ेंगे। महाकाल लोक घोटाला शिवराज सरकार का सबसे बड़ा पाप है। जिसमें बिना जांच किये ही घोटाले बाजों को क्लीनचिट देकर शिवराज सरकार ने खुद को घोटाले का सूत्रधार साबित कर दिया है।

महाकाल लोक का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया था लेकिन उनकी चुप्पी उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़े कर रही है कांग्रेस मांग करती है कि घोटाले की उच्च स्तरीय जांच हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश से करायी जानी चाहिए। ग्वालियर में कांग्रेस कार्यालय पर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के विधायक डॉ सतीश सिकरवार और जिला अध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र शर्मा ने कहा कि महाकाल लोक में भ्रष्टाचार से बनायी गई मूर्तियां खंडित हो गई है लेकिन श्रद्धालु जानते हैं कि इससे हिन्दुओं की आस्था के केंद्र भगवान महाकाल के विग्रह और मुख्य मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, महाकाल की कृपा से शिवराज मामा के भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ जरूर हो गया। शिवराज सरकार के मंत्री भूपेन्द्र सिंह को अपने पाप छुपाने के लिए प्रेसवार्ता करके यह बताना पड़ा कि महाकाल लोक के भव्य निर्माण का संकल्प कमलनाथ का था।

# खंडवा के बराड़ में कुएं की खोदाई में निकला ढाई फीट का शिवलिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा जिले के ग्राम बराड़ में शनिवार शाम एक कुएं की खोदाई के दौरान प्राचीन शिवलिंग निकला। यहां हनुमानजी और माताजी की मूर्ति भी मिट्टी में निकली है। सूचना मिलते ही गांव में शिवलिंग के दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने फूल अर्पित करते हुए भगवान शिव के जयकारे लगाए।**

आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी यहां लोग शिवलिंग और अन्य मूर्तियों के दर्शन के लिए पहुंचे। गांव के विजय सिंह दरबार ने बताया कि यहां प्राचीन बावड़ी से करीब दस फीट दूर ग्राम पंचायत द्वारा कुएं की खोदाई कराई जा रही है। करीब पांच फीट तक की खोदाई शनिवार को की गई। इसी कुएं के पास ही कुछ युवा गैती और फावड़े की मदद से मिट्टी हटा रहे थे, तभी यहां शिवलिंग नजर आया।

**पुरानी बावड़ी के पास मंदिर-** शिवलिंग करीब ढाई फीट ऊंचा है। कुछ ग्रामीण लोगों का कहना है कि वर्षों पुरानी बावड़ी के पास पहले कभी मंदिर रहा होगा। ग्राम सचिव जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि गांव में शासकीय योजना के तहत कुएं की खोदाई कराई जा रही है।

**ग्रामीणों ने की मंदिर निर्माण की बात-** खोदाई का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। जिस स्थान पर शिवलिंग और अन्य मूर्तियां निकली है। वहां ग्रामीणों द्वारा मंदिर का निर्माण कराने की बात की जा रही है। शीघ्र ही इस विषय में निर्णय लिया जाएगा।

# लिव इन पार्टनर ने की थी महिला की हत्या

**आरोपी बोला- रिश्तेदार लड़की से बेटे की शादी का दबाव बना रही थी, रेप केस में फंसाने की धमकी देती थी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना में महिला की हत्या उसके ही लिव इन पार्टनर ने की थी। आरोपी के मुताबिक दोनों दो साल से लिव इन में रह रहे थे। वह रिश्तेदार की लड़की की शादी उसके बेटे से कराने का दबाव बना रही थी। साथ ही, ब्लैकमेल करते हुए पैसे भी मांगती थी। नहीं देने पर रेप केस में फंसाने की धमकी देती थी। परेशान होकर आरोपी ने चाकू से महिला का गला रेत दिया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। मामला गुना के सरस्वती कॉलोनी का है।**

सरस्वती कॉलोनी में 17 मई को एक महिला की खून से लथपथ लाश मिली थी। महिला के बेटे जितेंद्र अहिरवार ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि वह काम से बाजार गया था। रात करीब 9:30 बजे वापस घर पहुंचा, तो उसकी मां किरणबाई अहिरवार (42) मृत अवस्था में फर्श पर मिली। उसके गले पर किसी धारदार हथियार से चोट के निशान थे। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

### रिश्तेदार लड़की से शादी का बना रही थी दबाव

आरोपी ने पूछताछ में वारदात कबूल कर ली। आरोपी केदारीलाल ने बताया कि वह दो साल से किरण बाई के परिवार का खर्च उठा रहा था। किरण बाई अलग से मकान बनवाने का दबाव बना रही थी। उसे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर बार-बार रुपए मांग रही थी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला यह दबाव भी बना रही थी कि वह (आरोपी) अपनी रिश्तेदार लड़की से उसके बेटे की शादी कराए।

MORARI BAPU



**पीड़ा ही भक्तों की प्रतिष्ठा है, पीड़ा ही उनका पद है, और हर चीज को जो स्वीकार कर ले वो साधु...**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**अर्ज़ फिरा है...!**

*बचपन की ख्वाहिशें...*
*आज भी खत लिखती हैं मुझे...*
*शायद बेखबर हैं इस बात से...*
*कि वो जिंदगी अब,*
*इस पते पर नहीं रहती...*

## संपादकीय

### हकीकत से दूर

ओडिशा की तहर पहले हुए इसी तरह के हादसों के मद्देनजर ऐसे इंतजाम किए जाने की जरूरत महसूस की गई थी कि अगर कभी ट्रेनों में आमने-सामने टक्कर की स्थिति बने तो 'कवच की मदद से उससे बचा जा सके। 'कवच का पूर्व परीक्षण भी हो चुका है। लेकिन अगर ताजा रेल दुर्घटना के बारे में शुरुआती कारणों को ध्यान में रखें तो ऐसा लगता है कि बचाव के इंतजामों पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। शनिवार को यशवंतपुर से हावड़ा जा रही दुरंतो एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतर गए और विपरीत दिशा से आ रहे कोरोमंडल एक्सप्रेस से टकरा गए। इसके बाद दूसरी रेलगाड़ी की कई बोगियां भी पटरी से उतर गईऔर वहीं खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस तरह एक साथ तीन रेलगाडियों की टक्कर हो गई और सिर्फ इतने से ही हादसे की भयावता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस दुर्घटना में दो सौ पिचहत्तर लोगों की जान चली गई और ग्यारह सौ पिचहत्तर लोग घायल हो गए। सवाल है कि जिस दौर में समूची रेल व्यवस्था को आधुनिकतम स्वरूप देने की बात की जा रही हो, उसके बारे में इस घटना के बाद क्या राय बनेगी! इस हादसे के बाद स्वाभाविक ही इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि चलती ट्रेन को सामने से आ रही किसी ट्रेन से टकराने से रोकने के लिए जिस 'कवच नाम की व्यवस्था के इस्तेमाल की बात हो रही थी, क्या उसका दायरा और उसकी उपयोगिता अभी सीमित है? हालांकि इस घटना के बारे में आई खबरों में बताया गया कि एक रेलगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए और इस वजह से हादसा हुआ। लेकिन क्या दुर्घटना वाले मार्ग पर 'कवच की व्यवस्था थी? इसके समांतर इस बात की पड़ताल करने की जरूरत है कि ट्रेन के बेपटरी होने का क्या कारण है। क्या पटरियों में पहले से कोई खामी थी, उससे कोई छेड़छाड़ की गई थी या फिर ट्रेन के परिचालन में कोई ऐसी चूक या लापरवाही हुई, जिसकी वजह से डिब्बे पटरी से उतरे। वजह चाहे जो हो, लेकिन सच यह है कि ट्रेन के सफर को सुरक्षित मान कर अपने-अपने घर या किसी गंतव्य के लिए चले बहुत सारे लोगों की जान चली गई या वे बुरी तरह हताहत हुए। सवाल है कि क्या इस चूक के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी!

## सैर सपाटा

# मॉल नहीं, सुहावने मौसम में घूम आएं दिल्ली के पास ये जगह


**इन दिनों दिल्ली का मौसम सुहावना है। इस खुशनुमा मौसम में भी घूमने के लिए आप मॉल जा रहे हैं? अगर गर्मी से राहत मिल ही गई है तो क्यों ना कुछ ऐसी जगहों को एक्सप्लोर किया जाए जहां माइंड रिलैक्स भी हो जाए और कम छुट्टी में घूमना भी हो जाए। ऐसे में हम बता रहे हैं कुछ ऐसी जगहों के बारे में जो दिल्ली के पास हैं, और सुहावने मौसम में घूमने के लिए बेस्ट हैं।**

### दिल्ली के पास घूमने की जगह



#### 1) मोरनी हिल्स

दिल्ली के आसपास घूमने के लिए आप मोरनी हिल्स जा सकते हैं। ये हरियाणा का इकलौता हिल स्टेशन है। सुहावने मौसम में दिल्ली के पास घूमने के लिए ये अच्छी जगह है। शांत झील और खूबसूरत नजारा देखने लायक होता है। यहां पहुंचने के लिए सबसे पास हवाई अड्डा और रेलवे स्टेशन 45 किमी दूर चंडीगढ़ में है।



#### 2) नीमराना फोर्ट

सुहावने मौसम में इस जगह को देखने का अलग ही मजा है। एडवेंचर एक्टिविटीज का मजा लेने के लिए आप इस जगह पर जा सकते हैं। यहां पर फ्लाइंग फॉक्स द्वारा जिप लाइनिंग, बाला किला, सरिस्का नेशनल पार्क और बावड़ी इसके कुछ प्रमुख आकर्षण हैं। यहां आप रेल और कार से आसानी से पहुंच सकते हैं।



#### 3) नाहन

ये छोटा सा शहर हिमाचल प्रदेश के शिवालिक रेंज के बीच बसा है। इस जगह से आप खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। इस जगह पर आप पांच घंटे में आराम से पहुंच सकते हैं। दोस्तों के साथ एंजॉय करने के लिए आप इस जगह पर जा सकते हैं। नाहन के पास बरारा रेलवे स्टेशन है। वहीं हवाई अड्डा चंडीगढ़ में है।



#### 4) सुल्तानपुर बर्ड सैंचुरी

दिल्ली के सबसे पास अगर कहीं घूमने के लिए जाना चाहते हैं तो सुल्तानपुर बर्ड सैंचुरी जा सकते हैं। ये प्लेस प्रकृति और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी के लिए भी परफेक्ट है।यहां आप बस, मेट्रो या फिर कैब से जा सकते हैं। यहां का सबसे पास मेट्रो स्टेशन सुल्तानपुर है।

## Highlights

1. The world decided to stand with India: S Jaishankar on Odisha train tragedy
2. Wrestlers Sakshee, Vinesh & Bajrang meet Home Minister Amit Shah at his residence
3. BJP leader seeks sexual favours from public servant's wife in Maha
4. Loud sonic boom heard as fighter jets chase unresponsive plane before crash in US
5. Oil prices rise after Saudi decides to cut oil output by 1 million barrels a day in July
6. Goa to get greenfield IT park, startup cluster: State minister

# These personal finance-related deadlines fall in June




**NEW DEIHI, (Agency).** Several personal finance-related deadlines fall in June, which salaried employees and taxpayers must meet. If one misses out, they may face repercussions, including monetary penalties, account deactivation etc.

Some deadlines are extensions from an earlier date(s). Here are the financial tasks you must complete this month:

PAN-Aadhaar linking: The last date to link the two documents is June 30, which was extended from the earlier deadline of March 31. From July 1, an individual's PAN will become inoperative if not linked to Aadhaar.

People can, however, link these even after June 30, but will have to pay a fine of ₹1,000. Tax returns will not be processed if PAN and Aadhaar are not linked.

Higher pension under EPS: Subscribers to Employees' Provident Fund (EPF) can opt for a higher pension on their actual salary (under Employees' Pension Scheme), with the deadline for this being June 26, instead of the earlier May 3.

Bank locker agreement : To protect the interests of locker holders, the Reserve Bank of India (RBI) has asked banks to complete the phased renewals of new locker agreements by December 30. The central bank has directed banks to complete 50% customer enrolment by June 30, and 75% by September 30.

Free Aadhaar update: The Unique Identification Authority of India (UIDAI) has given time till June 14 for Aadhaar card holders to update their Aadhaar details online, for free. At physical Aadhaar centres, this can be done by paying ₹50 as fee.

Advance tax payment: People with estimated tax liability of more than ₹10,000 during the current financial year must pay advance tax installments during the year. This is to be done in four installments; the first (15%) is to be paid by June 15.

# Applications for higher pensions under EPS to be assessed within 20 days of receipt: EPFO

**NEW DEIHI, (Agency).** The joint applications (by employee and employer) for higher pensions under the Employees' Pension Scheme (EPS) will have to be scrutinised within 20 days of receipt, the Employees' Provident Fund Organisation (EPFO) has directed its field officers.

The directive came in the form of a circular on Friday.

"Hence, it is reiterated that each Applications for



Validation of Joint Option/ Joint Option shall be scrutinized expeditiously and it shall be ensured that Demand Letter to Employer/ Communication to Employer is issued for providing any additional proof or evidence or correct any mistakes/ errors (including made by employers/pensioners) in respect of each Application for Validation of Joint Option/ Joint Option within 20 days of receipt of the application in the login of the Dealing Assistant," point (4.) of the circular read.

The deadline to apply for higher pension on actual salary under the EPS is June 26; earlier, the deadline was May 3, but was extended by the retirement fund body.

Who are eligible for higher pension under EPS?

People who were EPFO members and EPS subscribers prior to September 1, 2014, and who continue to be in service, but had missed choosing the higher pension option earlier, can apply for a higher pension.

On the other hand, those who retired before the said date, but had signed up for the option, must validate the information.

## Bihar

# बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर बन रहा पुल गिरा, 1700 करोड़ की लागत से हो रहा था तैयार



**भागलपुर, (एजेंसी)** बिहार के भागलपुर में रविवार को निर्माणाधीन पुल भरभराकर गिर गया. इस हादसे का खौफनाक वीडियो सामने आया है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक हादसे में किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन पुल गिरने से मौके पर अफरातफरी मच गई.

खगड़िया -अगुवानी- सुल्तानगंज के बीच बन रहे पुल के टूटने का वीडियो सामने आया है. देखते ही देखते पूरा पुल गंगा नदी में समा गया. हैरानी की बात ये है कि 2 साल पहले भी इस पुल का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया था. 4 साल पहले सीएम नीतीश कुमार ने इस पुल का शिलान्यास किया था. बताया जा रहा है कि ये पुल 1717 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा था. इस निर्माणाधीन पुल के कुछ हिस्से को अप्रैल में आंधी के कारण भी नुकसान पहुंचा था.

खगड़िया -अगुवानी- सुल्तानगंज के बीच गंगा नदी पर बन रहा महासेतु का बीच का हिस्सा ध्वस्त हो गया. पुल का उपरी भाग नदी में समा गया है. वीडियो में दिखाई दे रहा है कि निर्माणाधीन पुल का सुपर स्ट्रक्चर गिरा है. हालांकि अभी तक पुल गिरने की वजह साफ नहीं हो पाई है. बताया जा रहा है कि पुल के तीन पाए के ऊपर बना स्ट्रक्चर भरभराकर गिर गया. भागलपुर के सुल्तानगंज में बन रहा यह सेतु खगड़िया और भागलपुर को आपस में जोड़ेगा. जेडीयू के विधायक ललित मंडल ने कहा कि ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण है.

## New Delhi

# 15000 करोड़ के महाघोटाले में शामिल 400 और फर्जी फर्मों के सबूत मिले; अब तक 3000 से 'कागजी' कंपनियां पकड़ीं




**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा सहित देशभर में 2600 से अधिक फर्जी कंपनियां बनाकर 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी के मामले में 400 और कंपनियों का पता चला है। जीएसटी नंबर मिलने के बाद ये कंपनियां कागजों पर अस्तित्व में भी आ गई थीं। नोएडा पुलिस ने अब तक कुल 3066 फर्जी कंपनियों का खुलासा किया है। साथ ही 800 ऐसी कंपनियों के बारे में जानकारी मिली है, जिन्हें किन्हीं कारणों से जीएसटी नंबर नहीं मिल पाया। मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेशटिगेशन टीम भी गठित की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, जिन 400 फर्जी कंपनियों की जानकारी मिली है, वह देश के अलग-अलग पते पर बनाई गई हैं। इस मामले को लेकर शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री ने और दिल्ली में वित्त मंत्रालय ने बैठक की। मुख्यमंत्री ने पुलिस, एसटीएफ, जीएसटी, इंटेलिजेंस के बड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर जांच में तेजी लाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। दिल्ली में हुई बैठक में केंद्रीय जीएसटी समेत अन्य एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। इस मामले को लेकर शनिवार को एसटीएफ की नोएडा यूनिट के अधिकारियों ने डीसीपी हरीश चंदर की अगुवाई में नोएडा पुलिस के साथ बैठक की और मामले से जुड़े इनपुट का आदान-प्रदान किया। पुलिस की गिरफ्त में आए जालसाजों ने फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी रिफंड आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) प्राप्त कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया। गिरोह के फरार आरोपियों की तलाश में नोएडा पुलिस की चार टीमें देश के अलग-अलग हिस्से में दबिश दे रही हैं। शनिवार को भी टीम ने दबिश दी, पर कोई सफलता नहीं मिली।

## Rajasthan

# मां ने चार बच्चों की ड्रम में बंद कर की हत्या, फिर खुद लगाई फांसी

**बाड़मेर, (एजेंसी)** राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक मां ने चार बच्चों की हत्या कर खुद भी फांसी लगा ली। महिला ने बच्चों को अनाज भरने वाले ड्रम में बंद कर दिया, जिससे दम घुटने से उनकी मौत हो गई। इसके बाद महिला ने फांसी के फंदे पर लटकर आत्महत्या कर दी। मृतका चार-महीने की गर्भवती भी है। बताया जा रहा है कि मृतका का उसके पति से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी के चलते उसने इस तरह का खौफनाक कदम उठा लिया। विवाहिता के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए हत्या का केस दर्ज करवाया है। दरअसल, घटना बाड़मेर जिले के मंडली थाना क्षेत्र के मनियावास गांव की है। यहां 27 साल की उर्मिला पत्नी जेठाराम अपने चार बच्चों भावना (8), विक्रम (5), विमला (3) और मनीषा (2) रहती थी। शनिवार सुबह उर्मिला का पति काम पर चला गया था। दोपहर तक उसके जेठाराम की पत्नी उर्मिला और उसके बच्चों को बाहर खेलते हुए देखा था, लेकिन शाम को ना तो उर्मिला दिखाई दी और ना ही उसके बच्चे दिखाई दिए।

## Uttarpradesh

# तीन साल के बच्चे ने सांप को चबा-चबाकर मार डाला, हालत देखकर डॉक्टर भी दंग

**फर्रुखाबाद, (एजेंसी)** सांप को देखकर लोगों की सिट्टी पिट्टी वैसे ही गुम हो जाती है, लेकिन फर्रुखाबाद में एक बच्चे की कारस्तानी सुनकर लोगों ने दांतों तले अंगुली दबा ली। तीन साल के इस बच्चे ने जो कारनामा किया उसे सुनकर किसी को भी यकीन ही नहीं हुआ। इस बच्चे ने खेल-खेल में सांप को मुंह से चबा-चबा कर मार डाला। बच्चे ने सांप का कचूमर बना दिया था। सांप को चबाकर उगलता देखकर बच्चे की दादी दौड़ पड़ी। पहले तो वह कुछ समझ ही नहीं पाई, लेकिन जब सांप की हालत देखी तो वह उसे लेकर तुरंत अस्पताल के लिए दौड़ पड़ीं। बच्चे की दादी सांप को भी पॉलीथिन में बंद करके ले गईं, जहां बच्चे को देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए। आनन-फानन में उसका इलाज शुरू किया, हालांकि बच्चा स्वस्थ बताया जा रहा है। मामला मोहम्मदाबाद कोतवाली के मदनापुर गांव का है। यहां एक तीन साल के बच्चे ने खेल-खेल में सांप को चबाकर मार डाला तो हर कोई हैरान है।

## खेल

# ऐतिहासिक महिला कबड्डी लीग का दुबई में होगा आगाज, टॉप एथलीट्स लगाएंगे दांव-पेंच



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** महिला कबड्डी लीग (WKL) की 16 जून से शुरुआत होने जा रही है। महिला कबड्डी लीग एक अहम पहल है जो कबड्डी और महिला खेल में क्रांति लाने के साथ ही खिलाड़ियों और कबड्डी प्रशंसकों को प्रेरित करने का उद्देश्य रखती है। लीग के दौरान 120 से अधिक महिला कबड्डी खिलाड़ी लीग में भाग लेंगी, साथ ही कई विश्वस्तरीय और राष्ट्रिय स्तर के कबड्डी कोच खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते दिखेंगे।

खिलाड़ियों, ट्रेनर्स और उत्साही लोगों के नेतृत्व में, महिला कबड्डी लीग महिलाओं के खेल के लिए एक प्रमुख उपलब्धि मानी जा रही है, जो देश भर में महिला कबड्डी एथलीटों की असाधारण प्रतिभा और कौशल को उजागर करती है। पंजाब और तमिलनाडु से शुरू हुआ खेल आज दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बना चुका है। कनाडा, पाकिस्तान, ईरान जैसे कई अन्य देशों में यह खूब प्रचलित है।

डब्लूकेएल की मैनेजमेंट टीम, खेल बिरादरी के प्रमुख लोगों से सुसज्जित है। टूर्नामेंट के निदेशक और सीईओ प्रदीप कुमार नेहरा ने दुबई में होने वाली लीग की मेजबानी के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा- दुबई एक जीवंत शहर है जो इस महिला कबड्डी लीग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का अवसर प्रदान करेगा। एक कबड्डी फैन होने के नाते, हम विशालकाय स्टेडियम में लीग मैचों के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों के उपस्थिति की अपेक्षा करते हैं। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

महिला कबड्डी लीग ने कबड्डी की दुनिया के कई प्रसिद्ध नामों से समर्थन प्राप्त किया है, जिनमें प्रदीप नरवाल, संदीप नरवाल, मनिंदर सिंह और सुरेंद्र नाडा जैसे अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी और स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं। उनका समर्थन महिला कबड्डी लीग की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

हाल ही हुई नीलामी में कई शीर्ष खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक बोली लगाई गई, जिसमें एक खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक 33 लाख रुपए की बोली लगाई गई है। यह महत्वपूर्ण बोली महिला कबड्डी के प्रति रोमांच और लोकप्रियता को दर्शाती हैं।

### 12 दिन, 8 टीमें और 31 मैच

लीग में भाग ले रही आठ टीमें एक दूसरे से टक्कर लेने के लिए तैयार हैं। इन टीमों में राजस्थान रेडर्स, दिल्ली डायनामाइट्स, गुजरात एन्जिल्स, ग्रेट मराठा, हरियाणा हसलर्स, पंजाब पैंथर्स, उमा कोलकाता और बेंगलुरु हॉक्स शामिल हैं। इस लीग में हरविंदर कौर (सीनियर नेशनल कबड्डी प्लेयर, गोल्ड मेडलिस्ट) और मोती चंदन (नेशनल कबड्डी प्लेयर - एशियन गेम्स) जैसी प्रमुख खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए लीग की सफलता में योगदान देंगी।

## सिनेमा

# नसीरुद्दीन शाह ने अवॉर्ड से बनाए हैं वॉशरूम के हैंडल, बोले- 'मेरी नजर में इनकी वैल्यू नहीं'

बॉलीवुड के सीनियर एक्टर नसीरुद्दीन शाह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन करते आ रहे हैं. इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'ताजः रेन ऑफ रिवेंज' को लेकर एक्टर चर्चा में हैं. इसके अलावा विवादित बयानों को लेकर भी नसीरुद्दीन सुर्खियां बटोर रहे हैं.अब नसीरुद्दीन शाह ने बताया है कि वह खुद को मिलने वाले अवॉड्र्स का कैसे इस्तेमाल वॉशरूम के दरवाजे के हैंडल की तरह करते हैं. नसीरुद्दीन शाह ने अपने नए इंटरव्यू में अवॉड्र्स को लेकर बात की. उनसे पूछा गया था कि क्या यह अफवाह सही है कि आप खुद को मिलने वाले अवॉड्र्स का इस्तेमाल अपने फार्महाउस के दरवाजों के हैंडल के रूप में करते हैं. इस पर नसीरुद्दीन की हंसी छूट गई. उन्होंने कहा कि हां ये सच है.



नसीरुद्दीन शाह कहते हैं, 'मुझे इन ट्रॉफियों में कोई वैल्यू नजर नहीं आती. जब मुझे शुरुआती दिनों में अवॉर्ड मिले तो मैं खुश था. लेकिन फिर मेरे चारों ओर ट्रॉफियां जमा होने लगीं. देर-सवेर मैं समझ गया कि ये लॉबिंग का परिणाम हैं. किसी को ये अवॉर्ड उनकी योग्यता के कारण नहीं मिल रहे हैं, इसलिए मैंने उन्हें पीछे छोड़ना शुरू कर दिया.'

उन्होंने आगे कहा, 'उसके बाद जब मुझे पद्म श्री और पद्म भूषण मिला तो मुझे अपने दिवंगत पिता की याद आ गई, जो हमेशा मेरी नौकरी को लेकर चिंतित रहते थे. वो कहते थे कि 'ये फालतू का काम करोगे तो मूर्ख बन जाओगे.' इसलिए जब मैं अवॉर्ड लेने के लिए राष्ट्रपति भवन गया तो मैंने ऊपर देखा और अपने पिताजी से पूछा कि क्या वह ये सब देख रहे हैं. वह देख रहे थे, और मुझे यकीन है कि वह खुश थे. मैं उन अवॉड्र्स को पाकर खुश था. लेकिन मैं इन प्रतिस्पर्धी अवॉड्र्स को बर्दाश्त नहीं कर सकता.'

# 5 फीट ऊंचे स्टूल से गिरा पेंटर, मौत

## ● उज्जैन से अपडाउन करता था, सिर में आई गहरी चोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया में रविवार को एक हादसे में पेंटर की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह रविवार को 5 फीट ऊँचाई से गिरा था। इस दौरान उसके सिर में चोट लगी। उसे नजदीक के नर्सिंग होम ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया। देर शाम यहां पेंटर ने दम तोड़ दिया। वह उज्जैन से इंदौर डेली अपडाउन करता था। पुलिस मामले में लापरवाही को लेकर जांच कर रही है।**

कनाडिया पुलिस के मुताबिक शादाब उर्फ सादिक (30) पुत्र शफीक खान निवासी उज्जैन की हादसे में मौत हो गई। शादाब अपने साथियों के साथ कंट्री वॉक कॉलोनी में काम कर रहा था। इस दौरान 5 फीट ऊंचे स्टूल से रविवार शाम नीचे आ गिरा। पीठ के बल पीछे की तरफ गिरने से उसके सिर में अंदरुनी चोट आई थी। उसे साथी पटेल अस्पताल ले गए। यहां उसे एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया। देर शाम यहां उपचार के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी ओर मौत हो गई।

दोस्तों ने बताया कि शादाब की कुछ साल पहले शादी हुई थी। उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। इसके बाद वह अकेला रहता था। शादाब के माता-पिता नहीं है। एक बहन खाचरौद में रहती है। पुलिस के मुताबिक दोस्तों ने एक बयान में बताया कि संभवतः उसे मिर्गी का दौरा आया था। जिसके चलते वह स्टूल से नीचे गिरा। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किराना व्यापारी से 20 लाख की फिरौती मांगने वाला पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किराना व्यापारी को मोबाइल पर कॉल कर धमकाते हुए 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बार-बार फोन और मैसेज कर कहता था कि बीस लाख रुपए दे दो, नहीं तो खून के बदले खून करूंगा। तेरे लड़के को मार दूंगा।**

देपालपुर रोड (बेटमा) निवासी मुकेश सागरमल जैन (50) ने पिछले दिनों भाई राजेश जैन और भतीजे चिराग जैन के साथ बेटमा थाने में आवेदन दिया था। इसमें कहा था कि उसकी देपालपुर रोड पर नाकोडा ट्रेडर्स के नाम से किराना दुकान है। 9 मई 2023 को उसके मिनी ट्रक (एमपी09-जीजी- 6944) से दुर्घटना हुई थी। इसमें कैलाश देवकी निवासी डबल चौकी सिवनी की मौत हो गई थी और जितेन्द्र सोलंकी घायल हुआ था। बेटमा पुलिस ने गाड़ी के ड्रायवर के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस घटना के बाद से व्यापारी के मोबाइल पर मोबाइल 9974243076 से लगातार कोई व्यक्ति उसे फोन कर रहा है। उससे कहता है कि मैं घाटाबिल्लोद से बोल रहा हूं। आपकी गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ है। खून के बदले खून होगा। समझ लेना क्या करना है। 30 मई को भी रात में उसका फोन आया। कहा कि कल बात हुई थी, उसका क्या हुआ। मैंने उससे कहा कि दुर्घटना में घायल और मरने वाले के परिवार को बीमा कंपनी से बीमा मिलेगा। इस पर कहने लगा कि मैं तेरे लड़के को मार दूंगा। मुझे मैसेज भी लिखकर भेजा। बीस लाख रुपए की मांग की। नहीं देने पर लड़के को खत्म करने की धमकी दी। ये भी कहा कि पुलिस और नेतागिरी को बीच में मत लाना। पुलिस ने उक्त मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ धारा 386 आईपीसी का केस दर्ज किया था। मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन के आधार पर राहुल राजू कुमरावत को पकड़ा है। बताते हैं कि जिस मोबाइल से फोन किए जा रहे थे, वो भी चोरी का निकला है।

## दो मकानों से नकदी जेवरात उड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूड़िया इलाके में दो सूने घर में घुसे चोर नकदी और जेवर ले भागे। पुलिस के मुताबिक चोरी की वारदात फिनिक्स टाउनशिप में रहने वाले राहुल जाधव पिता प्रकाश जाधव और उनके पड़ोसी शुभांगी के सूने मकानों में बीती रात को हुई। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्ति दोनों के घर का ताला तोड कर घुसे। राहुल के यहां से सोने की अंगूठी और नकदी 10 हजार रुपए चुरा लिए, जबकि पड़ोसी के मकान से सोने का मंगलसूत्र, चांदी के सिक्के और 8 हजार रुपए चोरी कर लिए गए।

# शराबी पति को ननद भड़काती, फिर वो पीटता

## पति और शादीशुदा ननद पर प्रताड़ना का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खंडवा के महिला थाना पर शिकायत लेकर पहुंची एक 38 वर्षीय महिला ने पति व ननद पर प्रताडऩा का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद महिला के पति और शादीशुदा ननद पर प्रताडऩा का केस दर्ज कर लिया है। बताया कि, पति श्याम पटेल शराब पीने का आदी है। वह रोज नशा के करके घर आता है। उसके नशे का फायदा उठाकर ननद पूजा चौधरी उसे मेरे खिलाफ भड़काती है। फिर श्याम द्वारा मारपीट की जाती है। वह शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुकी है।**

पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर पति श्याम पटेल (गुर्जर) और ननद पूजा पति लखन चौधरी को आरोपी बनाया है। दोनों इंदौर स्थित गोमा की फेल, वल्लभ नगर, मालवा मील के निवासी है। पीडित महिला का मायका खंडवा शहर के मालवीय कॉलोनी का है। पीडिता की शादी 28 अप्रैल 2005 को हुई थी। तब से वह पति और ननद की प्रताडऩा सह रही है। शादी को 18 साल हो गए है, लेकिन पत्नी की बजाय पति को ननद पर विश्वास रहता है। वह ननद की बातों में आकर आए दिन मुझे पीटता है। मेरा कसूर सिर्फ इतना है कि, मेरी दो बेटियां है, मैं बेटे को जन्म नहीं दे सकी। पारिवारिक कलह के कारण बेटियों की शिक्षा और भविष्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

## करंट लगने से मजदूर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान एक मजदूर की करंट लग जाने से मौत हो गई। थाना बेटमा पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम हासिम पिता जहीर (18) निवासी घाटा बिल्लौद है। उसके मामा शरीफ का कहना है कि हाशिम एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम कर रहा था। तभी उसे करंट लग गया। अन्य मजदूरों ने सूचना दी तो उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उसकी जिंदगी बचाई नहीं जा सकी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है और जांच की जा रही है।

## अफरा-तफरी का केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने सरवटे बस स्टैंड पर श्रीमंगल सुपारी सेंटर चलाने वाले रवींद्र चौरसिया जावरा कंपाउंड की रिपोर्ट पर नौकर आकाश पालीवाल खातीवाला टैंक के खिलाफ अफरा तफरी का केस दर्ज किया है। मुलजिम सवा साल से फरियादी के यहां लेन देन का काम देख रहा है उसे सात लाख रूपए बैंक में जमा करवाने के लिए दिए थे लेकिन जमा नहीं करवाए। सेठ ने थाने में आवेदन दिया तो परिवार वहां आ गया था और उन्होंने बताया कि आईपीएल के सट्टे में पैसा हार गया है बाद में लौटा देगा उस समय तो सेठ ने कार्रवाई के लिए नहीं कहा लेकिन बाद में फिर मुलजिम ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो दोबारा आवेदन दिया गया और उसके खिलाफ हेराफेरी का केस दर्ज करवाय गया है।

# कोरोना काल में बेसहारा बच्चों को सहारा देने की घोषणा डेढ़ साल बाद भी पूरी नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** डेढ़ साल पहले कोरोना काल में माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए घोषित की गई प्रधानमंत्री वात्सल्य योजना को अब तक मुकाम नहीं मिला है। अपने माता-पिता को खो चुके इंदौर जिले के 788 बच्चे अब भी प्रधानमंत्री का वात्सल्य पाने को तरस रहे हैं। ये बच्चे कोरोना काल से ही सरकार की तरफ आस लगाए बैठे हैं।

इसके अलावा पति को खो चुकी 219 महिलाओं ने कलेक्टर से मदद की गुहार लगाई। 2021 अक्टूबर के बाद अनाथ हो चुके और बेसहारा बच्चों को सहारा देने के लिए की गई घोषणा दो साल में भी पूरी नहीं हो सकी है। इन्दौर जिले के ही 788 बच्चों को प्रधानमंत्री के वात्सल्य का इंतजार है। पढ़ाई-लिखाई, भरण पोषण और उच्च शिक्षा का सपना रखने वाले इन बच्चों को अभी एक महीने का और इंतजार करना होगा। मुख्यमंत्री द्वारा कोविड काल में माता-पिता या दोनों में से किसी एक को गंवा चुके बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य योजना शुरू की गई थी। एक वर्ष तक इस योजना के तहत सामाजिक संस्थाओं और सरकार की ओर से मदद की राशि मुहैया कराई गई, लेकिन अब सामाजिक संस्थाओं के हाथ खड़े कर देने के बाद इन बच्चों का कोई खैरख्वाह नहीं है। भारत सरकार ने मिशन वात्सल्य के तहत शिक्षा और भरण-पोषण करने का जिम्मा उठाने की घोषणा तो की, लेकिन अब तक कोई राशि आवंटित नहीं गई। कोरोना में अपने पति को गंवा चुकी लगभग 219 महिलाओं ने बच्चों के भरण पोषण और शिक्षा में मदद किए जाने को लेकर दो दिन पहले कलेक्टर का घेराव किया था। लम्बी चली बहस के बाद कलेक्टर ने कल महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के लिए सुविधा जुटाने बैठक बुलाई। रोजगार अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, प्रायवेट कम्पनियों, उद्योग विभाग के माध्यम से प्लानिंग की जा रही है। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने नौकरी की मांग की तो कलेक्टर ने लोन दिलाने और खुद का रोजगार शुरू करने की समझाईश देते हुए दस्तावेज एकत्रित करने की बात कही। अब कलेक्टर की पहल पर इन महिलाओं का बीपीएल कार्ड, आयुष्मान योजना कार्ड बनाया जाएगा, वहीं नौकरी के लिए रोजगार पंजीयन कराया जाएगा। ज्ञात हो कि पति को खोने के बाद घरेलू महिलाओं के सामने जीवन यापन का बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है।

## एक लाख की ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त एक महिला को एक लाख रुपए की ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई महिला का नाम सीमा पति संजय कसेरा निवासी पीलिया खाल बड़ा गणपति है। उप निरीक्षक हनुमानसिंह जादौन के अनुसार कल आरोपी महिला को पंचकुइया रोड भूतेश्वर नाले के पास से पकड़ा गया। लंबे समय से इसकी शिकायत भी पुलिस को मिल रही थी। मुखबिर ने सूचना दी थी। महिला के पास से एक लाख रुपए कीमत की ब्राउन शुगर बरामद हुई है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।